प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान कॉलेज में भारत सरकार और यूनीसेफ विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा 'खसरा–रूवैला' जैसी बीमारियों को दूर करने और जागरूक के लिये ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित कॉलेज हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के सभागार में भारत सरकार –यूनीसेफ विश्व स्वास्थ संगठन, उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वाधान में ''खसरा और रूवैला'' जैसी बीमारियों के लिए बचाव और जानकारी द्वारा जागरूक करने के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया।

कॉलेज के एनसीसी आफीसर लेफ्टीनेंट डॉ. राजेश कुमार कहरवार ने बताया कि इस ओरियंटेशन प्रोग्राम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरह मथुरा से डॉ. रामवीर सिंह (चिकित्सा अधीक्षक) ने ''खसरा–रुबैला'' जैसी जन्मजात बीमारियों के बारे में जानकारी दी और उसके बचाव के बारे में बताया कि इसके लिये भारत सरकार, यूनेसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन, उत्तर प्रदेश सरकार इस बीमारी से निजात पाने के लिए 26 नवम्बर से एक कैम्पन शुरू करने जा रही है।

जिसमें 9 माह से लेकर 15 साल के सभी बच्चों का टीकाकरण स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, प्राइवेट स्कूल सरकारी स्कूल में किया जायेगा।

यह कार्यक्रम कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेटस के लिए मुख्यरूप से आयोजित किया गया। जिससे इस जागरूकता कार्यक्रम को अधिक से अधिक स्कूलों में जाकर वहाँ के अभिभावकों को गाँव, कस्वा और बस्तियों में जाकर लोगों को अधिक से अधिक जागरूक और मोटीवेशन किया जाये।

इस कार्यक्रम में एन.सी.सी. कैडेटस के अलावा भी छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र फरह, मथुरा से श्री ललित मोहन, स्वास्थ शिक्षा अधिकारी, श्री संजय यादव, ब्लॉक कोर्डीनेटर (यूनिसेफ) श्री नवल वर्मा (ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक) और विकास मिश्रा (लैब टेक्नीशियन) मुख्य रूप से उपस्थित हुये।

इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने डॉ. रामवीर सिंह (चिकित्सा अधीक्षक) को कॉलेज का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कॉलेज के असिस्टेंट डीन अकैडमिक श्री विजय कट्टा, डॉ. युधिष्ठर सिंह, श्री सुनील गुप्ता, हवलदार शाह हुसैन मुख्यरूप से उपस्थित हुये।